
## सार-समाचार

### गौ-माता को हलवे का गौ-ग्रास खिलाया



**डूंगरपुर।** गंगेश्वर महिला भजन ग्रुप द्वारा भंडारिया स्थित गौ-शाला निर्माण से लेकर अब तक नियमित प्रत्येक अमावस्या को गौ-शाला में गौ-सेवा के अपने संकल्प के तहत आषाढी अमावस्या के उपलक्ष में भजन ग्रुप की मातृ शक्ति द्वारा गौ-माता की आरती पूजा परिक्रमा के बाद संकल्प विधि के साथ गौ माता को रोटी,गुड, केले और हलवे का गौ ग्रास खिलाया गया। गौ-माता का आशीर्वाद लिया।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**बांसवाड़ा,** (निसं)।भारतीय जनता पार्टी मंडल कुशलगढ की ओर से श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर फतहेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित कर पौधारोपण किया गया। पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित कर दिया उनका गतिशील व्यक्तित्व देश के लिए हर पीढी के लिए प्रेरित करता रहेगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष नितेश बैरागी ने देश की एकता और स्वाभिमान के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात् करने की जरुरत बताते हुए कहा कि मुखर्जी ने एक निशान एक विधान एक प्रधान का नारा देकर जम्मू कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बबलू भाई मईडा, भाजपा महामंत्री दिलीप टेलर, मंडल उपाध्यक्ष कल सिंह डामोर, उद्योगपति मुकेश अग्रवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष राधवेश चरपोटा, वरिष्ठ जयंतीलाल कव्वालिया, पंडित हेमेंद्र पंड्या, पूर्व महामंत्री कमलेश टेलर, पार्षद महेंद्र शाह, जितेंद्र आहारी, संजय चौहान, राखी, निर्मला बाग, पूर्व पार्षद महेंद्र प्रताप सिंह झाला, आशीष चोपडा, हितेश पडियार, भूपेंद्र टेलर, रमन टेलर, अनुज प्रताप सिंह तंवर, संजय बसेर, राजेश भाटिया, कमलेश मोदी, अशोक पंड्या, बका जयेश पंड्या आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। आभार महामंत्री दिलीप टेलर ने माना।

### जगन्नाथ रथ यात्रा आज

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पिछले लगभग 100 वर्षों की परंपरानुसार नेमा समाज की ओर से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाती है। जिसे श्रद्धालु स्वयं हाथो से खींच कर नगर भ्रमण करवायेंगे। रथयात्रा गणपति चौक से रविवार सायं 4 बजे आरम्भ होकर रथ यात्रा आजाद चौक, सदर बाजार, पिपली चौक, पैलेस रोड, महालक्ष्मी चौक होती हुई पुनरू जगदीश मंदिर पहुंचेगी जहां भव्य आरती के पश्चात प्रसाद वितरण होगा। जगदीश मंदिर से भव्य शोभायात्रा भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा रथ पर सवार होकर निकाली जाएगी जिसमें भजन मंडलिया व बडी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। इससे पूर्व रामचरित मानस मंडल के तत्वावधान में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसकी पूजा अर्चना कुसुम कांत एवं विभा चंचावत ने की। प्रवक्ता जिम्मी सराफ ने बताया कि इस अवसर पर समाज अध्यक्ष निमेष मेहता, उपाध्यक्ष चंकी शाह, सचिव सुबोध मालोत, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र मेहता, जगदीश मंडल के अध्यक्ष महेंद्र सराफ, सचिव संदीप शाह, राजेश वसानिया, भगवती लाल शाह, निश्चल मालोत, मनोज चंचावत, तंरग मेहता, विपुल दोसी, दीपक मेहता, सुमित तलवाडिया आदि मौजूद रहे।
बांसवाडा फोटो-1-रामचरित मानस मंडल के तत्वावधान में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ श्रद्धालु। - चिराग श्रीमाल

### वाहनों पर पथराव के दो आरोपी धरे

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवड़ा थाना पुलिस ने वाहनों पर पथराव करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर दो बाल अपचारियों को डिटेन किया है। आरोपियों ने चितरेटी घाटी में लूट के इरादे से वाहनों पर पथराव किया था, जिसमें एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दोवड़ा थानाधिकारी ने बताया कि 3 जुलाई को लीलवासा निवासी घनश्याम पुत्र नारायण पंचाल ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि 3 जुलाई को उसकी भतीजी माही पंचाल के बीमार होने पर उसे कार में लेकर घर से निकले थे। इस दौरान रात करीब 11.20 पर चितरेटी घाटी पहुंचे। उस समय बाइक पर चार युवक खड़े थे और उनके हाथों में पत्थर थे। बदमाशो ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार नहीं रोकने पर बदमाशों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में माही के मुंह पर पत्थर लगे जिससे वह गंभीर घायल हो गई। इसके बाद जैसे-तैसे वहां से निकले। वहीं, बदमाशों ने इसके बाद पीछे आ रहे अन्य वाहनों पर भी पथराव किया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश की। पुलिस ने मामले में चितरेटी निवासी मुकेश पुत्र देवीलाल अहारी और भंडारिया निवासी साहिल पुत्र बबला बरंडा को हिरासत में लिया। वहीं, उनके साथ दो बाल अपचारियों को डिटेन किया।

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत निकाली जागरूकता रैली

**बांसवाड़ा,** (निसं)। वागधारा संस्था की ओर से गठित ग्राम स्वराज, सक्षम महीला समुह, बाल स्वराज समूह, कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन के लोगों ने समुदाय और अध्यापक के सहयोग से प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सज्जनगढ ब्लॉक के ग्राम सिमेला एवं माचा के राउप्रावि में जागरूकता रैली के साथ शुरू हुआ। इस दौरान ग्राम स्वराज संगठन सदस्य ने बच्चो का तिलक लगा माला पहनाकर व पहली बार विद्यालय में नामांकन होने वाले बच्चों का अभिनंदन किया।




**बांसवाड़ा में राप्रावि नई आबादी सिमेला द्वितीय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की जानकारी देते वागधारा संस्था के मांगीलाल प्रजापत।**

ग्राम स्वराज संगठन एवं सक्षम समूह के सदस्य रुपचंद डोडियार ने

> ■ **नामांकन अभियान में ड्रॉप आउट और अनियमित बालक-बालिकाओं के अभिभावकों से समझाइश कर पुनः स्कूल से जोड़ा जा रहा है**

बताया कि हर वर्ष अपने कार्यक्षेत्र में नामांकन उत्सव पर शिक्षा में असमानता, बचपन में श्रमिकता, बाल विवाह और बाल श्रम जैसी समस्याओं से निपटने और बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक गांव से नामांकन अभियान की शुरूआत के माध्यम से समुदाय को जागरुक किया जा रहा है।

इस वर्ष भी 2024-25 नामांकन अभियान के दौरान संगठन सदस्य, ग्राम स्वराज समूह, सक्षम समूह, शिक्षकों व छात्रों ने गांव-गांव में रैलियां निकालीं एवं अभियान के माध्यम से स्कूलों में मिल रही सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। विभिन्न शिक्षक संगठनों व सामाजिक संगठनों ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नामांकन अभियान में ड्रॉपआउट और अनियमित बालक-बालिकाओ के अभिभावकों से समझाईश कर पुनः स्कूल से जोडा जा रहा है ताकि बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सके। संस्था विकास मेश्राम ने बताया कि बच्चों का नामांकन विद्यालय में सही उम्र में कराते हैं तो बच्चे के विकास और शिक्षा ग्रहण करने में बेहतर मदद मिलती है हमें सत्र 2024-25 में अपने समुदाय के उन सभी बच्चों का जिनकी उम्र 6 साल हो गई है या होने वाली है का स्थानीय विद्यालय में नामांकन कराना है जिससे बच्चे के जीवन में शिक्षा का उजियारा आये और बचपन खुशहाल बने। वागधारा संस्था के मांगीलाल प्रजापत ने बच्चों के जीवन में शिक्षा की महत्ता बताई। वागधारा के क्षेत्रीय सहजकर्ता सुनील मालविया ने ग्राम स्वराज, बाल स्वराज, सक्षम समूह एवं समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अभियान से गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढेगी और समुदाय शिक्षा का महत्व समझ पायेगा। साथ ही गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता की नई किरण के रूप में कार्यक्रम से जानकारी का उदय होगा एवं समुदाय का प्रत्येक बच्चा शिक्षा से जुडकर अपने भविष्य की नई राह पर चल पडेंगे।

# सीमलवाड़ा की मांडली ग्राम पंचायत दुग्ध उत्पादन में मॉडल बनी

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने शुक्रवार को पंचायत समिति सीमलवाड़ा की ग्राम पंचायत मांडली में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। राउमावि मांडली में आयोजित रात्रि चौपाल में बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इनमें महिलाओं और स्कूली बच्चियों ने भी अपनी बात खुलकर रखी।

गुजरात सीमा से सटे सीमलवाड़ा ब्लॉक के मांडली गांव में शाम ढ लते ही अधिकारियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। जिला कलक्टर रात्रि चौपाल में पहुंचे तो ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास के लिए खुले मन से चर्चा करते हुए पानी, बिजली, सडक, चिकित्सा आदि बुनियादी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, कुछ ग्रामीणों ने लैम्प्स, मांडली में 12 वीं कक्षा में विज्ञान संकाय शुरू करवाने, भैंसला बस स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने, ट्रांसफॉर्मर लगवाने और पेयजल जैसी समस्याओं से अवगत करवाया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने हर परिवादी की समस्या को संवेदनशीलता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लैम्प्स की शिकायत पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एडीएम कुलराज मीणा, उपखंड अधिकारी राकेश कुमार न्योल सहित सभी विभागों के जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन्मदिवस पर खांट ने किया पौधरोपण

**बांसवाडा,** भारत आदिवासी पार्टी बागीदौरा के ब्लॉक प्रवक्ता गोविंद खांट ने अपने जन्मदिवस पर राजकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास में पौधरोपण किया। जिला प्रवक्ता राहुल भूरिया ने बताया कि नीम, अमरूद, अशोक और बादाम के पौधे रोपते हुए उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेते हुए युवाओं एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी मांगलिक अवसर पर फिजूल खर्च न कर मानव एवं सामाजिक सेवा के हित में कार्य करना चाहिए।

# मंत्री गहलोत व विधायक माहेश्वरी विशेष योग्यजन बच्चों से हुए रूबरू

**राजसमंद,** ०(निसं)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत और राजसमन्द विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शनिवार को द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान की ओर से संचालित जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय गारियावास का निरीक्षण किया और यहां अध्ययनरत विशेष विद्यार्थियों जैसे श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित एवं मानसिक विमंदित आदि विद्यार्थियों से मिले। इस दौरान संस्था द्वारा नव निर्मित कक्षों का उद्घाटन मंत्री गहलोत और विधायक माहेश्वरी ने किया। मंत्री एवं विधायक ने नव निर्माणाधीन भवन में संचालित प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण किया और संस्था द्वारा संचालित विशिष्ट बालक-बालिकाओं की गतिविधियों का अवलोकन किया। विशिष्ट बच्चों द्वारा स्क्रेप सामग्री से बनाई गई विभिन्न चीजों की भूरि-भूरि



**द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान में नव निर्मित कक्षों का उद्घाटन करते मंत्री गहलोत और विधायक माहेश्वरी।**

प्रशंसा की। उन्होंने फिजियोथैरेपी कक्ष का निरीक्षण कर सराहना की और कहा कि संस्था इन विशिष्ट बच्चों के लिए जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है। मंत्री गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था के बारे में मुझे ज्ञात हुआ कि यह काफी लम्बे समय से संघर्ष कर इस मुकाम तक पहुँची है। हम सदैव संस्था के उन्नति में जो भी सहयोग होगा समय-समय पर करते रहेंगे।

उन्होंने संस्था से जुडे भामाशाओं एवं दानदाताओं का भी आभार व्यक्त

> ■ **विशेष योग्यजन बच्चों के विद्यालय का निरीक्षण किया**

करते हुए उनकी सराहना की। राजसमन्द विधायक माहेश्वरी ने कहा कि वें संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई हैं और हर बार उन्हें संस्था में नया विकास दिखाई देता है। आज संस्था इन विशेष बच्चों के लिए जो व्यावसायिक स्तर पर प्रशिक्षण जैसे सिलाई, चित्रकला, कंप्यूटर, स्पेशल बीएड के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रही है वह काफी सराहनीय है। हम सभी का सहयोग संस्था को मिला है और मिलता रहेगा। उन्होंने संस्था सचिव राकेश परियानी, संचालिका अनिता परियानी व सम्पूर्ण स्टाफ की प्रशंसा की।

## सार-समाचार

### क्वाट्र्ज पत्थरों का अवैध खनन पकड़ा

**डूंगरपुर,** (निसं)। सलूंबर से खनन विभाग की टीम आधी रात को अवैध खनन वाली जगह पर पहुंची। मौके पर खनन विभाग ने एक हिटाची मशीन पकड़ी। वहीं एक पहाड़ी को अवैध रूप से खनन कर क्वाट्र्ज पत्थरों को निकाला हुआ बरामद किया।साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा बड़ा में बोडीगामा डेम के पास क्वाट्र्ज पत्थरों के अवैध खनन के खिलाफ पांच दिन में दूसरी बार कार्रवाई की गई। सलूंबर से खनन विभाग की टीम आधी रात को अवैध खनन वाली जगह पर पहुंची। मौके पर खनन विभाग ने एक हिटाची मशीन पकड़ी। वहीं एक पहाड़ी को अवैध रूप से खनन कर क्वाट्र्ज पत्थरों को निकाला हुआ बरामद किया। आधी रात को कार्रवाई को लेकर खनन विभाग ने साबला थाना पुलिस से मदद मांगी, लेकिन न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही कोई मदद की है। ऐसे में रातभर खनन विभाग की टीम मौके पर ही तैनात रही। खनन विभाग ने जुर्माना भी लगाया है। साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा बड़ा गांव में बोडीगामा डेम के पास ही एक पहाडी को खोदकर अवैध रूप से क्वाट्र्ज पत्थरों का खनन किया जा रहा है। इसे लेकर खनन विभाग के पास लगातार शिकायत पर 1 जुलाई को खनन विभाग ने मौके से एक जेसीबी पकड़ी थी। खनन विभाग ने ढाई लाख का जुर्माना वसूला था, लेकिन कार्रवाई के पांच दिन बाद ही खनन माफिया फिर से उसी जगह पर अवैध खनन करने लगे। माइनिंग विभाग को दोबारा मिली शिकायत पर सलूंबर से माइनिंग विभाग के फोरमैन गोपाल डांगी हथियारबंद जवान के साथ बोडीगामा डेम के पास पहुंचे। रात के अंधेरे में डेम के पास पहाड़ी पर हिटाची मशीन लगाकर क्वाट्र्ज पत्थरों का खनन किया जा रहा था। वहीं खनन विभाग की टीम के आते ही खनन माफिया हिटाची मशीन को पास के ही झाड़ियों में छिपाकर भाग गए। कीचड़ और गड्ढों के बीच खनन विभाग की टीम मुश्किल से मौके पर पहुंची। अंधेरे में मोबाइल टॉर्च की रोशनी में खनन विभाग ने पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं अंधेरा होने के साथ ही खनन माफियाओं के डर से माइनिंग अधिकारियों ने साबला थाना पुलिस ने मदद मांगी।

### छात्रावास का उद्घाटन आज

**बांसवाड़ा,** (निसं)। विद्या भारती संस्थान से सम्बद्ध विद्या निकेतन उमावि मंदारेश्वर परिसर के जिले के प्रथम नवीन और पूर्ण सुविधा से युक्त छात्रावास श्री सांदीपनि छात्रावास का शुभारंभ आज रविवार सुबह 10.30० बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में बेणेश्वर धाम के मुख्य पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय आयुक्त नीरज के पवन, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विकासराज और विद्या भारती संस्थान के अध्यक्ष रमेश चंद्र बृजवासी का पाथेय मार्गदर्शन प्राप्त होगा। ध्यान रहे कि विद्या भारती संस्थान शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में अपने कार्य के लिए जाना जाता है। जिले में संस्थान के पहले छात्रावास का निर्माण किया गया है जिसमें प्रारंभ में 40 भैया विद्यालय में अध्ययन के साथ आवासीय छात्रावास में रहेंगे। विद्या भारती संस्थान के जिला सचिव ललित दवे ने बताया कि इस सत्र छात्रावास में 40० सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा करवाई गई थी। छात्रावास में 8 कक्ष है जिसमें प्रत्येक कक्ष में 5 भैयाओ के लिए आवश्यकतानुसार सुविधा उपलब्ध है। प्रचार प्रमुख दिव्यराज ने बताया कि भैयाओ की व्यवस्था के लिए छात्रावास अधीक्षक की नियुक्ति की गई है जो 24 घंटे भैयाओ के साथ रहेंगे।

### जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

**राजसमंद,** (निसं)। जिले की कुरज ग्राम पंचायत के सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जनसमस्याएं सुनी एवं क्षेत्रीय जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की झूठ और अफवाह फैलाने की राजनीति अब नहीं चलेगी। राजस्थान की भाजपा सरकार संकल्प पत्र की घोषणाओं को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश के आगामी बजट में सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि की झलक दिखेगी। जन संवाद में कुरज मण्डल के ग्रामीण बडी संख्या में पहुंचे और विधायक दीप्ति माहेश्वरी को अभाव अभियोगों से अवगत करवाया। मुख्य रूप से अवैध बजरी एवं रेती खनन, परिवहन निगम की बस सेवाओं, सामुदायिक भवन निर्माण एवं विस्तार, पीपली एवं कुरज में एनिकट निर्माण, अतिक्रमण हटाने, सडक निर्माण और विद्युत लाइन का स्थानान्तरण आदि विषय उठे। विभिन्न समस्याओं को निराकरण तत्काल उसी समय किया गया। माहेश्वरी ने कहा कि वें राज्य सरकार के स्तर के विषयों पर संबंधित मंत्रियों एवं विभागीय सचिवों से भेंट कर समाधान का प्रयास करेंगी। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष उदयलाल अहीर, महामंत्री छीतरमल जाट, सांवरमल भील, राजेन्द्र व्यास, सरपंच अनिल जाट, अभिषेक चौधरी, पूरणमल जाट, जगदीश भील, जवाहर जाट, मंगलसिंह चौधरी, अम्बालाल गाडरी, मनीष सुखवाल, चन्द्रप्रकाश सामर सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### जिला कार्यकारिणी का सम्मान समारोह

**राजसमंद,** ०। जिला के केलवा स्थित नवल श्याम कृष्ण गौशाला परिसर में राजस्थान गो सेवा समिति जयपुर जिला शाखा राजसमंद के जिलाध्यक्ष जेठू सिंह राजपुरोहित के सानिध्य में सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जेठू सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बताया कि अभी हाल ही नवल श्याम कृष्ण गौशाला में संतों के सानिध्य में 3० जून को दिव्य सत्संग एवं शपथ ग्रहण समारोह का ऐतिहासिक कार्यक्रम किया गया । प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गिरी महाराज ने इस कार्यक्रम की प्रदेश स्तर तक सराहना की है। गौशाला के अध्यक्ष रामनारायण पालीवाल व पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र एवम समिति के सभी सदस्यों को मेवाडी पगडी व इकलाई पहनाकर भव्य स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि भगवान बंग, उपाध्यक्ष लक्ष्मी लाल ईनाणी, महामंत्री पोपट माली, प्रचार प्रसार मंत्री सुरेश आगरिया, संगठन मंत्री भैरुलाल कुमावत, मीडिया प्रभारी भरत कुमार रजक, राजू पालीवाल, भंवरलाल पालीवाल,मदन पालीवाल समेत कई गौ भक्त मौजूद रहे।

# जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक का धरना तीसरे दिन भी जारी

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने कहा कि यूनियन का संघर्ष मजदूरों को न्याय और फैक्ट्री में प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम होने तक जारी रहेगा। जेके टायर फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से श्रमिक यूनियन की एरियर एवं वेतन की राशि का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यूनियन की अन्य मांगों पर भी प्रबंधन के साथ वार्ता चल रही है। वें शनिवार को यहां रेलवे स्टेशन के बाहर

> ■ **इंटक के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने कहा कि यूनियन का संघर्ष मजदूरों को न्याय और फैक्ट्री में प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम होने तक जारी रहेगा**

स्थित इंटक कार्यालय पर जेके टायर एम्पलाइज यूनियन के धरने के तीसरे दिन शनिवार को आयोजित सभा में श्रमिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जेके टायर फैक्ट्री से मजदूरों के परिवार पलते हैं, जिसे हम किसी भी हालत में बंद नहीं होने देंगे और पेट



**इंटक कार्यालय पर आयोजित सभा में श्रमिकों को संबोधित करते यूनियन के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली।**

पालने वाली फैक्ट्री का मैन गेट गुण्डागर्दी से बंद करने वालों के खिलाफ कार्यवाही होने और मजदूरों को फैक्ट्री परिसर में पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम होने तक जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि भामस के लोग राज्य में सत्ता होने के दम पर मनमानी पर उतर आए हैं और फैक्ट्री में बहुमत नहीं होने के बाद भी मान्यता प्राप्त करना चाहते हैं। इसको लेकर ही उनके द्वारा बिना किसी कारण के फैक्ट्री के मैन गेट को बंद कर मजदूरों को काम पर जाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन और जिला प्रशासन को ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। जिससे कि भविष्य में इस तरह की स्थिति फिर से उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने कहा कि इसको लेकर ही इंटक के श्रमिकों ने फैक्ट्री में काम के लिए प्रवेश नहीं करते हुए शांति पूर्ण आंदोलन जारी रखा है। जबकि विपक्षी यूनियन के लोग श्रमिकों को डरा-धमका रहे हैं। ऐसे में प्रशासन को मामल में दखल देते हुए तत्काल ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए श्रमिकों को सुरक्षा का विश्वास दिलाना चाहिए। सभा को इंटक के जिला महामंत्री शंकरलाल चौधरी, पूनाराम चौधरी, रतन गाडरी, कुलदीपसिंह, गोवर्धनलाल कुमावत, देवीसिंह राठौड, नाहरसिंह राव, लक्ष्मीलाल पालीवाल, लालसिंह चौहान, नारायणसिंह झाला, महेश उपाध्याय, गणेश गुर्जर, रामेश्वर पुरी, दिनेश छापरवाल व रमेश कुमावत ने भी संबोधित किया। इस दौरान हंसराज कुमावत, देवीलाल कुमावत, लक्ष्मीलाल, देवीसिंह, युगराज पालीवाल, हिम्मतसिंह, देवीलाल पालीवाल, किशनसिंह सहित सैकडों श्रमिक मौजूद थे।

## सड़क हादसे में डूंगरपुर के युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के नवलश्याम गांव के एक युवक की भीलवाड़ा के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजन भीलवाड़ा से शव लेकर शनिवार सुबह गांव नवलश्याम पहुंचे, जहां कार मालिक के घर के आगे सड़क पर ही एंबुलेंस को खड़ा कर दिया। परिजनों ने हादसे के लिए कार मालिक को जिम्मेदार मानते हुए आर्थिक सहायता की मांग पर बैठ गए। करीब आधे घंटे तक हंगामे के बाद समझाइश पर मामला शांत हुआ और शव लेकर रवाना हो गए।

बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के नवलश्याम गांव निवासी योगेशचन्द्र कलाल का बेटा कोटा कोचिंग में पढ़ाई करता है। योगेशचंद्र कलाल शुक्रवार सुबह अपने बेटे को मिलने के लिए कोटा जा रहा था। कार चलाने के लिए गांव के ही ड्राइवर युवक सुरेंद्र दरोगा को साथ ले गया। भीलवाड़ा के पास जाते ही उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें योगेशचन्द्र कलाल और ड्राइवर सुरेंद्र दरोगा दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को भीलवाड़ा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद सुरेंद्र दरोगा को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर दोनों के परिवार के लोग भीलवाड़ा अस्पताल पहुंच गए। शव को लेकर सुरेंद्र दरोगा के परिवार के लोग शनिवार सुबह नवलश्याम पहुंचे। सके बाद परिजनों ने एंबुलेंस को योगेशचन्द्र कलाल के घर के सामने ही चौराहे पर खड़ा कर दिया।

# पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प




**भारत माता मंदिर मैदान में पौधरोपण करते भारत विकास परिषद् माही के पदाधिकारी।**

**बांसवाड़ा,** ( निसं)। वृक्ष हमारे जीवन का आधार होते हैं पेड हमें जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन गैस प्रदान करते हैं जिसके बिना हमारा अस्तित्व असंभव है। इसलिए हर व्यक्ति अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन-पालन के साथ संरक्षण भी करें। उक्त उद्गार सेवानिवृत्ति वन अधिकारी एवं पार्षद सज्जन सिंह राठौड ने भारत विकास परिषद शाखा माही की ओर से आयोजित भारत माता मंदिर मैदान्ग में वृक्षारोपण के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर ख्यात चिकित्सक एवं रेड क्रोस सोसायटी के सचिव डॉ. आरके मालोत ने कहा कि स्कूली बच्चों को भी एक-एक पौधा वितरित किया जाये। इसके अलावा हर घर हरियाली के अंतर्गत प्रत्येक घर में पौधरोपण करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वृक्ष और जल मानव जीवन का आधार होने के साथ-साथ उसका सुरक्षा कवच भी हैं। पत्रकार दीपक श्रीमाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर संरक्षक विनोद शाह ने भी वृक्षारोपण की महत्ता बताई। सचिव भुवनेश्वरी मालोत ने कहा कि आने वाले दिनों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण के आयोजन किए जाएंगे। सदस्यों ने एक-एक पौधा रोपते हुए उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। आभार कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र जैन ने माना। इस अवसर पर भरत शाह, सुबोध मालोत, सरोज शाह, जलराज गुप्ता, सुशील गुप्ता, जगन्नाथ तेली, शेलेश सेठ, सुनील मेहता, वैभव चंचावत, व्योम प्रकाश मालोत, रमेश चंद्र जैन, दीनबंधु कंसारा, योजना शाह, रीना शाह, शरद शाह, हितेंद्र गुप्ता, विरेंद्र सोनी, दीपक श्रीमाल, बृजेन्द्र पांडे, अवधेश मालोत, गौरव शाह आदि मौजूद रहे।